लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

वर्ष 4, अंक 39, पृष्ठ 16, मूल्यः 6 रुपये

बरेली, शनिवार, 24 दिसंबर 2022

www.amritvichar.com

PAGE NO : 05 BOTTOM

दिखा उत्साह स्पोर्ट्स स्टेडियम में ऑल इंडिया सीनियर बैडमिंटन रैंकिंग प्रतियोगिता की हुई शुरुआत

बैडमिंटन में पहले दिन क्वालीफाई के लिए भिड़े खिलाड़ी

अमृत विचार, बरेली

स्पोर्ट्स स्टेडियम में जिला बैडमिंटन संघ की ओर से आयोजित योनेक्स सनराइज डा. अखिलेश दास स्मारक इंडियन सीनियर मेजर रैंकिंग बैडमिंटन प्रतियोगिता की शुक्रवार को शुरुआत की गई। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि देवमूर्ति व विशिष्ट अतिथि आदित्य मूर्ति ने की। प्रतियोगिता के क्वालीफाइंग मुकाबले से पहले संघ के अध्यक्ष डीएल खट्टर व बसंत चतुर्वेदी ने अतिथियों को बुके देकर स्वागत किया।

इस अवसर पर सुनील शर्मा व शंकरन ने संचालन किया। शाम को हुए मुकाबले में कैंट विधायक संजीव अग्रवाल व मुख्य विकास अधिकारी जग प्रवेश ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर शुरुआत की। संघ के सचिव अनिल मेहरोत्रा ने बताया कि शुक्रवार को खबर लिखे जाने तक 66 मुकाबले खेले गए। वहीं, अन्य मुकाबले देर रात तक चलते रहे। सोमवार से 29 दिसंबर तक सभी मैच स्पोर्ट्स स्टेडियम बरेली में होंगे। इस प्रतियोगिता में 5 लाख रुपये के नकद इनाम अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नियमानुसार बांटे जाएंगे। वहीं, शनिवार को मैच स्पोर्ट्स स्टेडियम में महिला एकल, युगल, पुरुष एकल, मिक्स डबल्स व एसआरएमएस में पुरुष एकल, युगल आदि प्रतियोगिताएं होंगी। इस दौरान उपाध्यक्ष राकेश टंडन, संयुक्त सचिव जगदीश खण्डेलवाल, गौरव भसीन, संजीव मितल, देवेन्द्र थापा, दीपक धवन, हिमांग सिंह, एआर अंसारी, नवीन अरोड़ा व रेफरी अजय सिंह व उनकी टीम ने संचालन में मदद की।

स्पोर्ट्स स्टेडियम में ऑल इंडिया सीनियर रैंकिंग बैडमिन्टन टूर्नामेन्ट के दौरान मैच खेलते खिलाड़ी और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते कैंट विधायक संजीव अग्रवाल, साथ हैं सीडीओ जग प्रवेश व अन्य। • अमृत विचार